# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
10/06/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Rashtriya sahara (Delhi)**

# अलीगढ़ कांड : आक्रोश के बीच तनाव कायम, आरएएफ तैनात

**आरोपित की पत्नी और भाई भी गिरफ्तार**

**पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश**

**पीड़ित परिवार को मिलेगी पूरी सुरक्षा**

■ अलीगढ़ (एसएनबी)।

टप्पल कस्बा में हुई ढाई साल की बच्ची की जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस लोमहर्षक कांड से स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। इस वजह से पूरे कस्बे में भारी तनाव व्याप्त है। लोगों ने आज थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और हत्यारों को फांसी देने की मांग की। पूरे इलाके में व्याप्त तनाव के मद्देनजर मौके पर पुलिस के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान बड़ी संख्या में तैनात हैं। उधर इस पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।



आरोपी मेंहदी हसन

उधर, डीएम और एसएसपी शनिवार को पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें पूरी सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि पूरा प्रशासन उनके साथ है। डीएम ने पूरी घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने की घोषणा कर दी। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मदद दिलाने का भी आश्वासन दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जायेगी।

गौरतलब है कि टप्पल कस्बा के एक निवासी की ढाई साल की पुत्री गत 30 मई को अचानक गायब हो गई थी। उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में घर से सौ मीटर दूर दो जून को कूड़े के ढेर पर मिला। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों जाहिद और असलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने शनिवार को जाहिद की पत्नी शुगुफ्ता और भाई मेंहदी हसन को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी आकाश कुलहरि ने बताया कि इन दोनों ने पूछताछ में बताया कि बच्ची के पिता ने जाहिद को 50 हजार रुपये उधार दिये थे इसमें 45 हजार रुपये वापस लौटा दिये थे और पांच हजार रुपये वापस करने पर विवाद हुआ। अपमानित करने पर जाहिद ने बदला लेने के लिए बच्ची को असलम के घर में गला घोंट कर हत्या कर दी। असलम अपने घर में अकेला रहता है और शव को कपड़े में लपेट कर घर के कूड़े में छिपा दिया था। बदबू आने पर शुगुफ्ता और मेंहदी हसन ने एक जून की रात एक बजे दुपट्टे में बांधकर शव को घर के बाहर कूड़े में फेंक दिया था।

श्री कुलहरि ने बताया कि इस हत्या में जाहिद, असलम, मेंहदी हसन और शुगुफ्ता शामिल थे। असलम ने अपनी चार साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया था और जेल गया था। जमानत पर बाहर आने पर असलम ने एक महिला से छेड़छाड़ की और दिल्ली के गोकुलपुरी से बच्चे का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि इन आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल कर मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाया जायेगा ताकि इन्हें जमानत नहीं मिल सके। पीड़ित परिवार की मांग पर उनके घर को सुरक्षा दी जायेगी। आरोपियों के खिलाफ रासुका की भी कार्रवाई की जा रही है।

उधर जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के बाद बताया कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनशील है। पूरा प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि कोई कठिनाई आने पर वह सीधे मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं। इस पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच कराने के आदेश दे दिये गये हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर अपने फण्ड से उन्हें मदद दी गई है तथा और भी मदद दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। रेप के मामले में उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा मामला नहीं पाया गया है और न ही किसी ने ऐसा आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित परिवार के यहां राजनैतिक नेताओं और मीडिया का तांता लगा हुआ है।

## समुदाय विशेष के लोगों का गांव से पलायन

अलीगढ़ (एसएनबी)। कस्बा टप्पल में हुए ढाई वर्षीय बच्ची हत्याकांड में आरोपी हत्यारे जाहिद के समुदाय के दर्जन भर परिवार के लोग भयभीत होकर अपने घरों पर ताला लगाकर पलायन कर गये हैं। दर्जनभर परिवारों के पलायन कर जाने से कस्बे में लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा और अफवाहों का बाजार गर्म है। कस्बा टप्पल में हुए अबोध बच्ची हत्याकांड में समुदाय विशेष के हत्यारों की गिरफ्तारी के बाद कस्बे समुदाय विशेष के लोगों में दहशत और भय का माहौल बन गया है। पुलिस की लगातार दबिश और बहुसंख्यक समुदाय द्वारा उनके क्षेत्र में किये जा रहे प्रदर्शन को देखते हुए विशेष समुदाय के लोग अपने को असुरक्षित महसूस करते हुए अपने घरों में ताला लगा कर परिवार के साथ पलायन कर गये हैं।

**Punjab Kesri (Delhi)**

**अलीगढ़ में रोको हिंसा** हालात बेहद नाजुक, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

# प्रदर्शनकारियों-पुलिस के बीच झड़पें

**पंजाब केसरी**/अलीगढ़




यूपी के अलीगढ़ में ढाई साल की मासूम की निर्मम हत्या के बाद लोगों में आक्रोश है। बजरंग दल के कार्यकर्ता घटना के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। उधर टप्पल जाने की जिद पर अड़ी साध्वी प्राची को जेवर टोल प्लाजा पर ही पुलिस ने रोक दिया है। टप्पल में कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की खबर आ रही है। पुलिस को लाठियां भांजकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ना पड़ा। फिलहाल पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक जारी रही। इसके चलते अलीगढ़ के टप्पल इलाके में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## समुदाय विशेष के लोगों का पलायन

अनहोनी की आशंका के बीच रविवार को प्रशासन ने इलाके में भारी पुलिस बल को तैनात किया है। कस्बे में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), पीएसी कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है। सूत्रों ने बताया है कि एक समुदाय विशेष के लोगों के मन में डर व्याप्त हो गया है और वे इलाके को छोड़कर जा रहे हैं। माहौल ठीक नहीं होने के कारण इलाके के बाजार भी बंद हैं। ऐसी अवस्था होने के बावजूद भी पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

Scanned with CamScanner

Nav Bharat Times (Delhi)

# अलीगढ़ में दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, आगजनी

## धारा 144 के बावजूद दिनभर होता रहा प्रदर्शन

■ एक संवाददाता, अलीगढ़

10 हजार के विवाद में बच्ची से दरिंदगी के मामले में अलीगढ़ के टप्पल इलाका रविवार को तनाव में रहा। सुरक्षाबलों की भारी मौजूदगी और धारा 144 के बीच सैकड़ों लोग पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर उतरे और नारेबाजी की। सुबह से शाम तक उनकी पुलिस से झड़प होती रही। कुछ लोगों ने आगजनी भी की। बच्ची को न्याय दिलाने के लिए इलाके के बाजार भी बंद रहे। बताते हैं, सोशल मीडिया से आयोजित इस प्रदर्शन में महापंचायत का भी ऐलान हुआ था, जिसे बाद में टाल दिया गया। इसमें शामिल होने जा रहीं हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची को बीच में रोक दिया गया। निषेधाज्ञा तोड़ने के आरोप में 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित परिवार की मुख्यमंत्री कार्यालय से बातचीत कराई गई। हालांकि बच्ची के पिता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलने नहीं जाएंगे। जब तक दोषियों को फांसी नहीं होती, वे चुप नहीं बैठेंगे। ▶▶ पेज 12

NBT



निषेधाज्ञा के बावजूद टप्पल में पीड़ित परिवार के पक्ष में भारी भीड़ जुटी।



प्रदर्शनों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने फ्लैग मार्च भी किया।

### भोपाल में रेप के बाद 9 साल की बच्ची की हत्या

■ एमपी की राजधानी भोपाल में 9 साल की बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। आरोप है, पड़ोस में रहने वाले शख्स ने अगवा कर उसके साथ रेप किया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी और शव नाले में फेंक दिया। परिवार की शिकायत है कि पुलिस ने ऐक्शन लिया होता तो बच्ची बच जाती। ▶▶ पेज 12

**कुशीनगर में 13 साल की बच्ची से 6 लोगों ने किया गैंगरेप** ▶▶ पेज 12

**कठुआ मामले में आज आ सकता है फैसला** ▶▶ पेज 12

### वॉशरूम समझ खोला प्लेन का इमर्जेंसी गेट

पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस की एक उड़ान में महिला पैसेंजर ने वॉशरूम समझ कर इमर्जेंसी गेट खोल दिया। विमान मैनचेस्टर एयरपोर्ट के रनवे पर खड़ा था।

### अलीगढ़ से 4 बार सांसद शीला गौतम नहीं रहीं

बीजेपी के टिकट पर अलीगढ़ से 4 बार सांसद रहीं शीला गौतम का बीमारी के बाद 88 की उम्र में दिल्ली में निधन हो गया। वह स्लीपवेल कंपनी की भी फाउंडर थीं।

### बोरवेल में बच्चा, पास पहुंची रेस्क्यू टीम

पंजाब के संगरूर में गुरुवार शाम 150 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 2 साल के बच्चे फतेहवीर सिंह को बाहर निकालने का काम रविवार को आखिरी स्टेज में पहुंच गया। ▶▶ पेज 12

Scanned with CamScanner

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



दिनांक 08/06/2019 को गैस सेफ इंडिया द्वारा जागरूकता शिवीर का आयोजन 100 वी वाहिनी द्रुत कार्य बल अहमदाबाद



दिनांक 08/06/2019 को गैस सेफ इंडिया द्वारा जागरूकता शिवीर का आयोजन 100 वी वाहिनी द्रुत कार्य बल अहमदाबाद

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**